**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**25.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1500 बजे**

**प्रधानमंत्री–व्यापार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निरंतर विकास हो रहा है। आज सुबह ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि ये व्यवधान देश को विचलित नहीं करते बल्कि इन परिस्थितियों से नई दिशा और अवसर मिलते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन व्यवधानों के बीच आज भारत आने वाले दशकों के लिए नींव मजबूत कर रहा है और इसमें देश का संकल्प, आत्मनिर्भर भारत का मंत्र निहित है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार मेक इन इंडिया पर ध्यान केंद्रित कर रही है और चिप से शिप बनाने का लक्ष्य बना रही है। उन्होंने कहा कि देश में एक वाइब्रेंट रक्षा क्षेत्र विकसित किया जा रहा है जिससे एक ऐसा माहौल तैयार हो रहा है जहाँ हर चीज पर मेड इन इंडिया का निशान होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने यूपीआई, आधार, डिजीलॉकर, ओएनडीसी जैसे खुले मंच बनाए हैं जो सभी को साथ लेकर चल रहे हैं और सभी को अवसर प्रदान कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज सरकारी ई–मार्केटप्लेस–जेम पोर्टल के माध्यम से लगभग 25 लाख विक्रेता और सेवा प्रदाता सरकार को आपूर्ति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे दुकानदार और व्यापारी भी अब सरकार को अपने उत्पाद बेच रहे हैं।

-----------------------------------------------------------

**भेंट**

भारतीय ओवरसीज़ कांग्रेस यूके के अध्यक्ष कमल धालीवाल के नेतृत्व में एक दल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से लंदन में भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और विभिन्न पहलों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सरकार के सुधारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप हिमाचल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में 21वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का सामना कर रही है और प्रदेश सरकार ने इन प्रभावों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता अपने संसाधनों से कर रही है। आइओसी यूके के अध्यक्ष ने दूरदर्शी नीतियों और सतत विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सोच अन्य राज्य के लिए प्रेरणा है।

-----------------------------------------------------------

**जी.एस.टी.**

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू हो चुके हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुँचा रहे हैं।

***नये जीएसटी सुधरो के अंतर्गत सरकार ने कामन अवशेष्ठ अवशेध शोधन संयंत्र पर लगाने वाले जीएसटी को 12प्रतिशत से घटकर 5प्रतिशत कर दिया है। इस यंत्र पर टैक्स कम होने से उद्योगों को केंद्रित कचरा प्रबंधन अपने की प्रेरणा मिलेगी। इससे प्रदूषण कम होगा और औद्योगिक क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। कम दरों से कचरे की छटाई, संयत्र संचालन और रख–रखा जैसे क्षेत्रों में हरित रोजगार भी पैदा होंगे। इसी तरह बायोडिग्रेडेबल बैग पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जिससे बैग सस्ते होगें, और उपभोक्ता व दुकानदार प्लास्टिक बैग के बजाए इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित होगे, और प्लास्टिक प्रदूषण घटेगा सरकार का मानना है कि कम जीएसटी से अनुसंधान का विकास बायो पॉलीमरों स्टार्च आधारित और खाद्य आधारित सामाग्रियों के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को राहत देने और सोलर पंप सस्ता करने के लिए जीएसटी परिषद ने सौर और पवन उपकरणों पर कर 12ः से घटकर 5ः कर दिया है। अब सोलर कुकर सोलर, पावर जनरेटर, पवन चक्की वायु जनरेटर पर भी सिर्फ 5ः जीएसटी लगेगा।***

------------------------------------------------------------

**मुख्यमंत्री**

राज्य  सरकार चम्बा जिला की दुर्गम पांगी घाटी के धरवास में साढ़े 10 करोड़ रुपये की लागत से एक मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इस संयत्र से क्षेत्र की 19 पंचायतों को सर्दी में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पांगी घाटी के समग्र विकास को नई गति और दिशा मिलेगी।

------------------------------------------------------------

**सेवा पर्व**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भाजपा ने आज शिमला में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री संजीव कटवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीन दयाल उपाध्याय की सोच पर चलते हुए विभिन्न अभियानों को व्यापक रूप से पूरे देश में चला रहे हैं। संजीव कटवाल ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान व्यापक स्तर पर शुरू करने जा रही है और सभी देशवासियों को इससे जोड़ा जाएगा।

------------------------------------------------------------